नार्थ एक्स पब्लिक स्कूल (मान्यता प्राप्त)

पाठ -4 संज्ञा

प्र01 नीचे दिए गए वाक्यों में जातिवाचक संज्ञाओं को छाँटकर लिखिए :-

(क.) कुत्ता एक वफ़ादार जानवर है। ....

(ख.) पिता जी ने वृक्ष लगाए। ....

(ग.) मेरी पुस्तक में अनेक कहानियाँ हैं। ....

(घ.) मनुष्य को पशु-पक्षियों से प्रेम करना चाहिए। ....

(ङ.) नदियाँ समुद्र में मिल जाती हैं। ....

(च.) मेरी कक्षा में चालीस विद्यार्थी हैं। ....

2. नीचे दिए गए अनुच्छेद में जातिवाचक संज्ञाओं को छाँटकर लिखिए :-

डेनमार्क द्वीपों का देश है। यहाँ हरे-भरे लहलहाते खेत हैं। यहाँ ऊँचे-ऊँचे वृक्षों के जंगल भी हैं। डेनमार्क के सबसे ऊँचे पहाड़ की ऊँचाई केवल 170 मीटर है। यहाँ कोई बड़ी नदी तो नहीं है, किंतु नदियों की कमी यहाँ की सुंदर झीलों ने पूरी कर दी है। डेनमार्क के गाँवों और शहरों के जीवन में विशेष अंतर नहीं है। यहाँ के गाँवों में भी रेडियो, टेलीविज़न, फ्रिज, रसोई गैस आदि सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

3. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए :-

(क) कुतुबमीनार	–	व्यक्तिवाचक संज्ञा	○	जातिवाचक संज्ञा	○
(ख) फूल	–	व्यक्तिवाचक संज्ञा	○	जातिवाचक संज्ञा	○
(ग) राजा	–	व्यक्तिवाचक संज्ञा	○	जातिवाचक संज्ञा	○
(घ) ऑस्ट्रेलिया	–	व्यक्तिवाचक संज्ञा	○	जातिवाचक संज्ञा	○
(ङ) पौधा	–	व्यक्तिवाचक संज्ञा	○	जातिवाचक संज्ञा	○
(च) तमिलनाडु	–	व्यक्तिवाचक संज्ञा	○	जातिवाचक संज्ञा	○

4. कोष्ठकों में दिए हुए संज्ञा के भेद को सूचित करने वाले शब्द को छाँटकर लिखिए—

उदाहरण— बगीचा बहुत सुंदर है। (जातिवाचक संज्ञा)

(क) बापू ने वृक्ष लगाए। (जातिवाचक)

(ख) कोलकाता एक बड़ा शहर है। (व्यक्तिवाचक)

(ग) हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। (व्यक्तिवाचक)

(घ) गाय वन में घास चर रही है। (जातिवाचक)

(ङ) शिमला कौन-कौन चलेगा? (व्यक्तिवाचक)

https://youtu.be/ZK7zB9cUSMg

पाठ-५
(संज्ञा)

1. नीचे दिए गए वाक्यों में से व्यक्तिवाचक संज्ञाओं को छाँटकर कीजिए—

(क) ताजमहल आगरा में है।

(ख) हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला है।

(ग) महात्मा गांधी की समाधि को राजघाट कहते हैं।

(घ) कनाटप्लेस नई दिल्ली का एक खूबसूरत बाज़ार है।

(ङ) न्यूयॉर्क अमेरिका का सबसे बड़ा शहर है।

(च) गंगा हिंदुओं की पवित्र नदी है।

(छ) सुबोध खेल रहा है।

(ज) सचिन तेंदुलकर के शतक से पाकिस्तान मैच हार गया।

(झ) अशोक के पास मारुति कार है।

(ञ) महाराणा प्रताप का घोड़ा 'चेतक' हवा से बातें करता था।

2. नीचे दिए गए अनुच्छेद में व्यक्तिवाचक संज्ञाओं को छाँटकर लिखिए :-

कश्मीर में मुगल बादशाह जहाँगीर द्वारा लगवाए गए बागों में शालीमार बाग बहुत प्रसिद्ध है। शालीमार बाग श्रीनगर से लगभग दस किलोमीटर दूर है। बाग तक सड़क के रास्ते जाया जा सकता है और डल झील में चलने वाली नावों और शिकारों द्वारा भी। इसी प्रकार निशात बाग भी भारत के सबसे सुंदर बागों में से एक है। इसे शाहजहाँ की बेगम मुमताज़ महल के पिता आसिफ़ खाँ ने बनवाया था।

3. नीचे लिखे शब्दों से संबधित तीन-तीन व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द लिखिए—

खेल

....

....

....

इमारत

....

....

....

https://youtu.be/8lEi5BqMc4Q

पाठ-1 (भाषा)

1 सही वाक्यों के आगे सही (✔) और गलत वाक्यों के आगे गलत (✗) का निशान लगाइए—

(क) हम अपने मन की हर बात संकेतों द्वारा प्रकट कर सकते हैं। ◯

(ख) भारत के सभी राज्यों में एक ही भाषा बोली जाती है। ◯

(ग) भाषा के दो रूप हैं। ◯

(घ) बातचीत भाषा का लिखित रूप है। ◯

(ङ) भारत में कई भाषाएँ बोली जाती हैं। ◯

2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) .... के द्वारा बोलकर और लिखकर हम अपने विचार प्रकट कर सकते हैं।

(ख) पत्र-लेखन भाषा का .... रूप है।

(ग) उड़ीसा में .... बोली जाती है।

(घ) जब हम बोलकर अपने विचार प्रकट करते हैं, तो भाषा का यह रूप .... कहलाता है।

(ङ) भाषा के दो रूप .... और .... हैं।

3 संकेतों की सहायता से वर्ग-पहेली पूरी कीजिए—

(क) सीधे—केरल में बोली जाने वाली भाषा।

(ख) नीचे—यहाँ बांग्ला भाषा बोली जाती है।

(ग) नीचे—तमिलनाडु में बोली जाने वाली भाषा।

(घ) नीचे—यहाँ मराठी बोली जाती है।

(ङ) सीधे—गुजरात में बोली जाने वाली भाषा।



https://youtu.be/yL7eAMwU1ng

पाठ-3
(शब्द)

1. सही वाक्यों के आगे सही (✔) और गलत वाक्यों के आगे गलत (✗) का निशान लगाइए—

(क) शब्द वर्णों के मेल से बनते हैं। ◯

(ख) प्रत्येक वर्ण-समूह शब्द कहलाता है। ◯

(ग) वर्णों के सार्थक समूह को ही शब्द कहते हैं। ◯

(घ) अर्थ के आधार पर शब्द के दो भेद हैं। ◯

(ङ) जिन शब्दों से कुछ अर्थ नहीं निकलता, उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं। ◯

2. सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाइए।

(क) पत्थर	–	सार्थक शब्द ◯		निरर्थक शब्द ◯
(ख) भारत	–	सार्थक शब्द ◯		निरर्थक शब्द ◯
(ग) ग्रनि	–	सार्थक शब्द ◯		निरर्थक शब्द ◯
(घ) राज्य	–	सार्थक शब्द ◯		निरर्थक शब्द ◯
(ङ) खबारअ	–	सार्थक शब्द ◯		निरर्थक शब्द ◯
(च) कनेअ	–	सार्थक शब्द ◯		निरर्थक शब्द ◯
(छ) बहादुरी	–	सार्थक शब्द ◯		निरर्थक शब्द ◯
(ज) दूरदर्शन	–	सार्थक शब्द ◯		निरर्थक शब्द ◯
(झ) यघाल	–	सार्थक शब्द ◯		निरर्थक शब्द ◯
(ञ) युद्ध	–	सार्थक शब्द ◯		निरर्थक शब्द ◯

3. नीचे दिए गए वर्णों को सही क्रम में लिखकर सार्थक शब्द बनाइए—

ल बा क —	बालक	र ना खा का —	....
हा ड़ प —	....	सा स मो —	....
नि सै क —	....	प्यू र ट कं —	....
ख भा ल दे —	....	गा बै ड़ी ल —	....

4. नीचे दिए गए वर्णों से तीन-तीन सार्थक शब्द बनाइए—

न — ....

म — ....

र — ....

च — ....

https://youtu.be/tPibjp-5Qfw